हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शुक्रवार 5 जून 2026

13 रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्यः कांता देवी



14 1 जुलाई को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा बन सकेंगे मतदाता



## सीएम की टीम कर रही औचक निरीक्षण

### वीडियोग्राफी, फोटोग्राफ्स व डेटा कलेक्शन कर रही

# सरकारी स्कूलों में अव्यवस्था पर गाज गिरना तय, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने जारी किए सख्त निर्देश

- शौचालय, पेयजल, मिड-डे मील किचन मेंटेनेंस, आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर और साइंस लैब की व्यवस्था रहे सुचारू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने और शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए नायब सरकार कमर कसती नजर आ रही है। चंडीगढ़ में शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक के बाद शिक्षा निदेशालय के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी नारनौल द्वारा महेंद्रगढ़ जिले के सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को कड़े आदेश जारी किए गए हैं।

जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग अब स्कूलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगा। सभी विद्यालयों में शौचालय, पेयजल, मिड-डे मील, किचन मेंटेनेंस, आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर और साइंस लैब की व्यवस्था को तुरंत प्रभाव से सुचारू करने को कहा गया है। विशेष रूप से निर्देश दिए गए हैं कि विज्ञान प्रयोगशालाओं में नियमित रूप से प्रैक्टिकल कक्षाएं आयोजित की जाएं। यदि किसी भी विद्यालय में इन मामलों में कोताही पाई जाती है, तो संबंधित स्कूल मुखिया और शिक्षकों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### शौचालय की सफाई को लेकर मुख्य गाइडलाइंस

शौचालय एवं वाशरुम का रखरखाव पर विशेष फोकस रहेगा। सभी स्कूलों के शौचालयों में पानी, पर्याप्त रोशनी और वेंटिलेशन की उचित व्यवस्था होनी अनिवार्य है। यदि किसी वाशरुम में मरम्मत या सफेदी की आवश्यकता है, तो उसे प्राथमिकता के आधार पर तुरंत करवाया जाए। कमी पाए जाने पर पूरी जिम्मेदारी विद्यालय मुखिया की होगी।

### स्वच्छ प्रांगण योजना में बदलाव

'स्वच्छ प्रांगण योजना' के तहत मिलने वाली आठ हजार रुपये की राशि अब उन स्कूलों को भी दी जा सकेगी जहां एजुसैट चौकीदार कार्यरत हैं। हालांकि जिन विद्यालयों में पार्ट-टाइम स्वीपर कार्यरत हैं, उन्हें यह राशि प्रदान नहीं की जाएगी। शिक्षा विभाग के इस कड़े रुख से साफ है कि सरकार अब ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों की सूरत बदलने के लिए गंभीर है। मुख्यमंत्री की उड़नदस्ता टीमों के सक्रिय होने से जिला महेंद्रगढ़ के सभी सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों और शिक्षकों में हड़कंप मच गया है और आनन-फानन में लंबित पड़े मेंटेनेंस के कार्यों को पूरा किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री की टीम कर रही है औचक निरीक्षण

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि मुख्यमंत्री की विशेष टीम द्वारा विभिन्न स्कूलों का गुप्त व औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान टीम द्वारा वीडियोग्राफी, फोटोग्राफ्स और डेटा कलेक्शन का कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण में किसी भी स्तर पर कमी पाए जाने पर सीधे तौर पर बड़ी गाज गिरनी तय है।

### एक लाख रुपये तक के फंड का अधिकार

इन पांच प्रमुख बुनियादी सुविधाओं के रखरखाव के लिए स्कूल मुखिया अपने स्तर पर उपलब्ध 'स्कूल फंड' का उपयोग कर सकते हैं। इस संबंध में विभाग द्वारा एक लाख रुपये तक खर्च करने के आदेश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। जिन विद्यालयों में मरम्मत कार्य के लिए फंड उपलब्ध नहीं है, उन्हें तीन दिनों के भीतर हर हाल में संबंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी को अपनी मांग भेजनी होगी। तय समय सीमा तक मांग न आने पर यह माना जाएगा कि स्कूल में सभी संसाधन उपलब्ध हैं। आवश्यकता पड़ने पर ग्राम पंचायत या अन्य स्थानीय एजेंसियों का सहयोग लेने की भी छूट दी गई है।

## खबर संक्षेप

### खैरानी में विवाहिता ने की आत्महत्या

**मंडी अटेली।** गांव खैरानी निवासी करीब 23 वर्षीय पूनम पत्नी विष्णु सिंह ने वीरवार तड़के सुबह करीब चार बजे फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। ग्रामीणों के अनुसार पूनम पिछले कुछ समय से मानसिक परेशानी से जूझ रही थी। उसकी शादी वर्ष 2021 में हुई थी। पति विष्णु सिंह मेहनत मजदूरी का कार्य कर परिवार का पालन पोषण करता है। घटना के समय परिजन घर में ही मौजूद थे, लेकिन सुबह जैसे ही घटना का पता चला परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। मृतका अपने पीछे साढ़े तीन साल की बेटी व दो साल का बेटा छोड़ गई। मासूम बच्चों के सिर से मां का साया उठने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### बिजली बिल संबंधित शिकायत शिविर आज

**नारनौल।** उपभोक्ताओं की बिजली बिल संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए विशेष सुनवाई शिविर पांच जून को लगेगा। यह शिविर बिजली बोर्ड के मंडल कार्यालय में सुबह 10 से 11 बजे तक चलेगा। जिसमें शहरी एवं ग्रामीण उपभोक्ता अपनी बिजली बिल संबंधी समस्याएं दर्ज करवा सकेंगे। किसी भी आमजन द्वारा यह अपील के तहत ऑफिस में एक प्रार्थना पत्र और बिल की कॉपी के तहत अपना पक्ष रख सकता है।

### नांगल मोहनपुर पेड़ से लटकता मिला शव

**कनीना।** गांव नांगल मोहनपुर की बणी में वीरवार को पावर हाउस के समीप एक व्यक्ति का शव पेड़ पर झूलता मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सुबह सवेरे चहलकदमी को निकले ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर देखा तो हतप्रभ रह गए। उन्होने इसकी सूचना ग्राम सरपंच एवं पुलिस प्रशासन को इसकी सूचना दी। मृतक की पहचान नांगल मोहनपुर निवासी 25 वर्षीय अंकित के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसका पंचनामा करवाकर शव परिजनों के हवाले कर दिया। आत्म हत्या के कारणों को मालुम नहीं सका है। घटना के बाद ग्रामीणों में चर्चाएं व्याप्त हैं।

## विभाग ने रिवाइज्ड ऐस्टिमेट भेजा : बाजार को जाम से मिलेगी राहत

# 12.06 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा पायगा में रेस्ट हाउस भवन

*2019 में तत्कालीन शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा व लोक निर्माण विभाग के मंत्री ने रखी थी भवन निर्माण की नींव*

भवन निर्माण के लिए 9.26 करोड़ तथा दो एकड़ भूमि खरीद के लिए लगभग 2.80 करोड़ का ऐस्टिमेट भेजा गया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

लोक निर्माण विभाग के नए रेस्ट हाउस भवन निर्माण के लिए विभाग ने रिवाइजड ऐस्टिमेट भेजा है। शहर में लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस के नए भवन के निर्माण के लिए विभाग की तरफ से 12.06 करोड़ का रिवाइज्ड ऐस्टिमेट भेजा गया है। वर्ष 2019 में तत्कालीन शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा एवं लोक निर्माण विभाग के मंत्री ने इस भवन निर्माण की नींव रखी थी। परंतु भूमि का प्रस्ताव सिरे ना चढ़ने की वजह से ये मामला लटक गया था। लंबे समय से जर्जर हो चुके पुराने भवन की जगह आधुनिक सुविधाओं से युक्त नया भवन बनाने की योजना को गति मिल गई है।

विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि इस परियोजना की अनुमानित लागत 12.06 करोड़ रुपये तय की गई है। वर्ष 2019 में जमीन खरीद के लिए विभाग की तरफ से 8 जुलाई 2019 को 1.36 करोड़ की प्रशासनिक मंजूरी का पत्र भी जारी कर दिया गया था। परंतु पंचायत विभाग की तरफ से मामला सिरे नहीं चढ़ सका। इसी प्रकार नए भवन निर्माण के लिए भी 6.31 करोड़ की प्रशासनिक मंजूरी का पत्र जारी कर दिया गया था। परंतु भूमि उपलब्ध ना हो पाने की वजह से कार्य शुरू नहीं हो सका। इसके बाद सांसद धर्मबीर सिंह के पत्र एवं पैरवी के बाद जिला उपायुक्त कार्यालय की तरफ से गांव पायगा की दो एकड़ पंचायत भूमि इस नए भवन निर्माण के लिए दिए जाने संबधि प्रस्ताव भेजा गया। जिसे विकास एवं पंचायत विभाग के महानिदेशक द्वारा 14 जनवरी 2026 को मंजूरी प्रदान कर दी गई। परंतु इस दौरान सात वर्ष का समय बीत जाने की वजह से ना सिर्फ जमीनों के सर्कल रेट बढ़ गए अपितु भवन निर्माण की लागत भी बढ़ गई।

इसके साथ-साथ हरियाणा के एचएसआर में भी बढ़ोतरी हो गई। सांसद धर्मबीर सिंह ने लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को पत्र लिखकर रिवाइजड ऐस्टिमेट भेजने बारे कहा। जिला लोक निर्माण विभाग की तरफ से अब लगभग 12.06 करोड़ का रिवाइजड ऐस्टिमेट भेजा गया है। इसमें भवन निर्माण के लिए 9.26 करोड़ तथा दो एकड़ भूमि खरीद के लिए लगभग 2.80 करोड़ का ऐस्टिमेट भेजा गया है।



महेंद्रगढ़। 2019 में शिलान्यास कार्यक्रम। फाइल : फोटो

### एस्टिमेट तैयार कर उच्च अधिकारियों के पास भेजा

यहां हम आपको बता दें कि लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस के नए भवन निर्माण से ना सिर्फ पुराने रेस्ट हाउस के आसपास के बाजार को वीआईपी विजिट से होने वाली परेशानी से राहत मिलेगी, बल्कि बाजार के विस्तार में भी सहयोग मिल सकेगा।

### विकसित की जाएंगी जरूरी सुविधाएं

नए प्रस्तावित भवन में आधुनिक बैठक कक्ष, अतिथि कक्ष, सम्मेलन हॉल, पार्किंग व्यवस्था, हरित क्षेत्र तथा अन्य जरूरी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे सरकारी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और क्षेत्र में आने वाले अतिथियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। साथ ही प्रशासनिक बैठकों और विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन में भी आसानी होगी।

### महेंद्रगढ़ किले का होगा कायाकल्प, 6.47 करोड़ मंजूर

*महेंद्रगढ़। जिले के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व वाले महेंद्रगढ़ किला के संरक्षण और सौंदर्यीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। राज्य सरकार ने किले के पुनर्विकास और जीर्णोद्धार कार्यों के लिए लगभग 6 करोड़ 47 लाख रुपये की राशि मंजूर की है। इस निर्णय से क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है और उम्मीद जताई जा रही है कि लंबे समय से उपेक्षित इस ऐतिहासिक धरोहर को नया स्वरूप मिलेगा। महेंद्रगढ़ किले को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने तथा इसकी ऐतिहासिक पहचान को संरक्षित रखने के लिए यह राशि स्वीकृत की गई है। इस परियोजना के तहत किले की जर्जर दीवारों की मरम्मत, परिसर का सौंदर्यीकरण, पर्यटकों के लिए मूलभूत सुविधाओं का विकास, प्रकाश व्यवस्था तथा सुरक्षा संबंधी कार्य किए जाएंगे। इसके अलावा किले तक पहुंचने वाले मार्गों को भी बेहतर बनाया जाएगा ताकि पर्यटकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। गौरतलब है कि वर्ष 2019 में भी किले के विकास कार्यों की शुरुआत की गई थी। उस समय प्रशासन और संबंधित विभागों द्वारा किले के संरक्षण के लिए योजनाएं तैयार की गई थीं और कुछ प्रारंभिक कार्य भी शुरू हुए थे। हालांकि, वर्ष 2020 में कोरोना महामारी फैलने के बाद देशभर में लगाए गए लॉकडाउन के कारण निर्माण और विकास कार्य प्रभावित हो गए। श्रमिकों की कमी, संसाधनों की उपलब्धता में बाधा और विभिन्न प्रतिबंधों के चलते परियोजना आगे नहीं बढ़ सकी। परिणामस्वरूप कई कार्य अधूरे रह गए और किले के विकास की योजना ठंडे बस्ते में चली गई। अब एक बार फिर सरकार ने इस परियोजना को गति देने का निर्णय लिया है।*



मंडी अटेली। आसमान में उड़ती हुई धूल भरी आंधी। फोटो : हरिभूमि

## तेज आंधी के बाद अटेली में बारिश, गर्मी से मिली राहत

**नारनौल/मंडी अटेली।** अटेली एवं आसपास के क्षेत्रों में वीरवार सायं करीब साढ़े पांच बजे अचानक मौसम ने करवट बदल ली। दिनभर की भीषण गर्मी के बीच सायं होते होते आसमान में धूल का गुबार छा गया और देखते ही देखते पूरा इलाका तेज आंधी व धूलभरी हवाओं की चपेट में आ गया। इस अचानक बदलाव से लोग हैरान रह गए। तेज हवाओं के चलते सड़कों पर चल रहे वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। धूल के कारण दृश्यता कम हो गई, जिससे कई स्थानों पर वाहन चालकों को रुककर हालात सामान्य होने का इंतजार करना पड़ा। जिले में नारनौल का अधिकतम तापमान 39 डिग्री व रात्रि तापमान 26.5 डिग्री तथा महेंद्रगढ़ में अधिकतम तापमान 40.7 व रात्रि तापमान 26.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

आंधी के दौरान आसमान में काले घने बादल छा गए, जिससे मौसम और अधिक गंभीर हो गया। तेज हवाओं के कारण पेड़ पौधे झूमते दिखाई दिए तथा कई जगहों पर पेड़ों की टहनियां टूटकर गिरने की सूचनाएं भी मिली। इस अचानक मौसम परिवर्तन से कुछ समय के लिए जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। सायं करीब छह बजे बादलों की गड़गड़ाहट के साथ हल्की बारिश शुरू हो गई, जो करीब 15 मिनट तक जारी रही। बारिश के बाद धूलभरी हवाओं पर विराम लगा और मौसम सुहावना हो गया। लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली।



मंडी अटेली। बरसात के बाद सुहावना हुआ मौसम। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। धरसूं गांव में ईंधन में लगी आग। फोटो : हरिभूमि

### धरसूं में देर रात ईंधन में लगी आग

**नारनौल।** गांव धरसूं में बुधवार देर रात को खुले में पड़े लकड़ी के ईंधन में आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि इससे अनेक लोगों का हजारों रुपये का ईंधन जल गया। वहीं आग ने पास के मकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मकान मालिक को काफी नुकसान हुआ है। धरसूं में गांव के बाहर खुले में रखे लोगों के लकड़ी के इंधन में बुधवार रात को करीब आठ बजे अचानक आग लग गई। आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है। आग लगने की वजह से वहां गांव में रखा ग्रामीणों का ईंधन जल गया।

### तेज रफ्तार कार ने ली बाइक सवार युवक की जान

**कनीना।** कनीना महेंद्रगढ़ स्टेट हाइवे नम्बर 24 पर कैमला मोड के समीप घटित एक भीषण सड़क हादसे में तेज रफ्तार कार ने एक 22 वर्षीय बाइक सवार युवक की जान ले ली। मृतक युवक की पहचान रसूलपुर निवासी अंकित के रूप में हुई है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं कार चालक वाहन सहित मौके से फरार होने के कामयाब हो गया। हादसे के बाद से रसूलपुर गांव में मातम पसरा हुआ है। रसूलपुर निवासी अंकित एक निजी कंपनी में कार्यरत था और अविवाहित था। बुधवार सायं वह अपनी ड्यूटी खत्म करने के बाद बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह कैमला मोड के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार गाड़ी ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

## कांटी में नायब तहसीलदार की देखरेख में हटाया अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

अटेली ने गांव कांटी में वीरवार को एक महत्वपूर्ण कब्जा कार्रवाई को अंजाम दिया गया। यह कार्रवाई अदालत, सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी अटेली के आदेशों के अनुपालन में की गई। जिसमें दो पार्टियों का आपस में विवाद था, जिसमें बाबूलाल अन्य और बहादुर सिंह अन्य का मामला कोर्ट में चल रहा था, जो फैसला होने के बाद असल मलिक बाबूलाल अन्य को कब्जा नहीं मिल रहा था। मौके पर मौजूद अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई नायब तहसीलदार के नेतृत्व में संपन्न हुई। जिनकी देखरेख में कब्जा लेने की प्रक्रिया पूरी की गई। कार्रवाई को निर्बाध और सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पुलिस बल की तैनाती भी की गई थी।



मंडी अटेली। कांटी में अवैध कब्जे को हटाते हुए।

### पूरी प्रक्रिया का निरीक्षण किया

कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एएसआई बाबूलाल, पटवारी सुनील, गांव के नंबरदार जोगिंद्र सहित अन्य प्रशासनिक व राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। राजस्व विभाग के रिकॉर्ड के साथ पहुंचे अधिकारियों ने पूरी प्रक्रिया का बारीकी से निरीक्षण किया। प्रशासन की सक्रियता और पुख्ता तैयारियों का नतीजा यह रहा कि पूरे घटनाक्रम के दौरान किसी भी प्रकार का विवाद नहीं हुआ। संबंधित पक्षों को पहले ही सूचित कर दिया गया था और गांव के चौकीदार व अन्य मौजिज व्यक्तियों की मौजूदगी में प्रशासन ने कब्जा कार्रवाई को शांतिपूर्ण ढंग से पूरा कर लिया। इस कार्रवाई के बाद संबंधित भूमि का कब्जा आधिकारिक रूप से जमीन मालिक के सुपुर्द हो गया।

## मोबाइल हैक कर ऑनलाइन ठगी करने के मामले में निजी बैंक मैनेजर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन साइबर धोखाधड़ी के एक मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक निजी बैंक के सेल्स ऑफिसर (मैनेजर) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में जालंधर पंजाब निवासी आरोपित गौरव को गिरफ्तार किया गया है, जो जालंधर के फुटगल चौक स्थित एक निजी बैंक की शाखा में सेल्स ऑफिसर (मैनेजर) के पद पर कार्यरत था। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक दीपक के निर्देशानुसार व एएसपी फैजल खान के नेतृत्व में साइबर थाना पुलिस साइबर ठगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी के तहत साइबर थाना की पुलिस टीम को साइबर ठगी के मामले में कामयाबी मिली है।

27 दिसम्बर को शिकायतकर्ता के इंडसइंड बैंक खाते से मोबाइल हैक होने और बैंक एप्लीकेशन के माध्यम से 50500 रुपये की ऑनलाइन साइबर ठगी की गई थी। इस फ्रॉड की रकम का उपयोग बैंक के क्रेडिट कार्ड का बिल भरने के लिए किया गया था। शिकायतकर्ता की ओर से अपनी हिस्ट्री चेक करने पर पाया गया कि उक्त ट्रांजैक्शन में क्रेडिट कार्ड धारक के मोबाइल नंबर के अतिरिक्त आरोपी गौरव का मोबाइल नंबर भी प्रदर्शित हो रहा था। जांच में यह बात सामने आई कि क्रेडिट कार्ड किसी महिला के नाम पर रजिस्टर्ड था और उसमें उसके पति का मोबाइल नंबर अटैच था। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित कम समय में अधिक पैसे कमाने के लालच में एक ऐसे व्यक्ति के संपर्क में आया था, जो लोगों के फोन हैक करके ऑनलाइन पैसे निकालता था और क्रेडिट कार्ड का बिल भरवाने पर 20 प्रतिशत कमीशन देता था। आरोपित अपना तय कमीशन काटकर बाकी की रकम को आगे ट्रांसफर कर देता था। मामले की गहन जांच के दौरान कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा तीन जून को आरोपित गौरव को बैंक से ही गिरफ्तार कर लिया।



## महेंद्रगढ़ में होंडा कंपनी ने खेल विभाग की जमीन पर शुरू किया ड्राइविंग प्रैक्टिस जोन

# ड्राइविंग प्रैक्टिस जोन से युवाओं को ट्रैफिक नियमों की मिलेगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए होंडा कंपनी द्वारा महेंद्रगढ़ के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल के सामने दोपहिया वाहन सीखने वालों के लिए ड्राइविंग प्रैक्टिस जोन तैयार किया गया है। जिसका महेंद्रगढ़ के विधायक व डीसी अनुपमा अंजली ने वीरवार को ड्राइविंग प्रैक्टिस जोन का शुभारंभ किया। इस दौरान एसडीएम योगेश सैनी व एएसपी फैजल खान भी मौजूद रहे।

डीसी अनुपमा अंजली ने कहा कि ड्राइविंग प्रैक्टिस जोन वाहन सीखने वाले युवाओं के लिए लाभदायक साबित होगा और वाहन सीखते समय होने वाली दुर्घटनाओं से भी बचाव होगा। आमतौर पर जब कोई भी युवा या व्यक्ति वाहन चलाना सीखता है तो आम सड़कों का प्रयोग करते हैं जिससे दुर्घटना का खतरा रहता है, लेकिन ड्राइविंग प्रैक्टिस जोन में वाहन चलाना सीखने वाले युवाओं को वाहन चलाना सुरक्षित रहेगा और वाहन चलाते समय बरती जाने वाली हर प्रकार की सावधानियों के बारे में विस्तार से समझाया जाएगा। डीसी ने खेल विभाग के अधिकारियों को ड्राइविंग प्रैक्टिस जोन में लाइट, पीने के पानी व शौचालय का निर्माण करवाने के भी निर्देश दिए। कार्यक्रम में डीसी अनुपमा अंजली ने कहा कि होंडा कंपनी द्वारा तैयार किया गया ड्राइविंग प्रैक्टिस जोन आमजन के लिए लाभदायक साबित होगा।

होंडा कंपनी द्वारा तैयार किया गया यह ड्राइविंग जोन निःशुल्क रहेगा और प्रशिक्षण देने के लिए इंस्ट्रक्टर भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के बाद डीसी अनुपमा अंजली, एसडीएम योगेश सैनी, एएसपी फैजल खान व होंडा कंपनी के ट्रस्टी विनय ढींगरा सहित होंडा कंपनी के उच्च अधिकारियों ने ड्राइविंग जोन में पौधरोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान होंडा कंपनी निदेशक सचिमी ताकता, ऑपरेटिंग ऑफिसर राजीव तनेजा, प्रभुनागराज, संदीप कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। ड्राइविंग प्रेक्टिस जॉन का उद्घाटन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

जागरूकता
डॉ. मोनिका शर्मा

## छोटे-छोटे कदम उठाकर हम करें पर्यावरण की रक्षा

बच्चो, विश्व पर्यावरण दिवस का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। आओ, हम अपने पर्यावरण की वर्तमान स्थिति के बारे में जानें। साथ ही इस बात को भी जानें कि हम बच्चे अपने पर्यावरण को कैसे प्रदूषणमुक्त और सुरक्षित रख सकते हैं।



बच्चो, हमारा पर्यावरण हमारे जीवन का आवरण है, जो हमें हर ओर से घेरे हुए है। प्यारे-प्यारे पशु-पक्षी, हरे-भरे पेड़ पौधे, सुंदर-मनमोहक नदी-पहाड़, समुंदर, तालाब और हम इंसान सब इस घेरे में ही रहते हैं। धरती, जल, आकाश और वायु से बना पर्यावरण यूं तो खुद को शुद्ध और स्वच्छ रखना जानता है, लेकिन हम इंसानों की एक्टिविटीज ही इसे दूषित कर रही हैं। इसीलिए पर्यावरण की संभाल-देखभाल बहुत जरूरी है। सबसे बड़ी बात यह है कि पर्यावरण की रक्षा हम छोटे-छोटे कदम उठाकर भी कर सकते हैं। तुम भी अपने रूटीन में कुछ आदतों को शामिल कर अपनी धरती और अपने पर्यावरण के रंगों को सहेज सकते हो। इसके लिए, तुम्हें यह जानना चाहिए कि वे कौन से कारण हैं, जिससे पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है।



### बदलता मौसम

बच्चो, तुमने घर के बड़ों को अकसर यह कहते हुए सुना होगा कि पहले तो इतनी गर्मी नहीं होती थी। कुछ साल पहले तक ठिठुराने वाली ऐसी ठंड भी नहीं पड़ती थी। बरसात भी समय पर होती थी। अच्छी बारिश से हरियाली भी खूब रहती थी। लेकिन अब तुम खुद देख रहे हो कि मौसम का रूप पूरी रह बदल गया है। झुलसाने वाली गर्मी हो या कड़ाके की ठंड, मौसम के बदलते रंग-ढंग के पीछे पर्यावरण असंतुलन ही है। यह असंतुलन इंसानों की गतिविधियों से कुदरत को पहुंचे नुकसान का नतीजा है। यही स्थिति बनी रही तो प्यारी-प्यारी तितलियां, हरे-भरे पार्क, रंग-बिरंगे फूलों से सजा स्कूल कैंपस और सहन करने लायक मौसम हमारे लिए सपना बन जाएंगे।

### मौसम का बदलता पैटर्न

बच्चो, पर्यावरणीय असंतुलन की वजह से मौसम का पैटर्न भी बदलता है। मौसम के पैटर्न का बदलना हमारे जीवन के हर पहलू पर नकारात्मक असर डालता है। इससे बीमारियां बढ़ती हैं। बेमौसम बहुत ज्यादा बरसात होने से बाढ़ का खतरा बढ़ जाता है। बारिश की कमी से सूखे की स्थितियां बन जाती हैं। ऐसे में आने वाले कल की बेहतरी के लिए आज ही हम सबको सजग होना होगा। ग्लोबल वार्मिंग की अलार्मिंग स्थितियों में पर्यावरण रूपी अनमोल धरोहर की रक्षा में जुट जाना होगा। कुदरत के हर हिस्से से मिल रही वॉर्निंग्स को सुनना और हमारे पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में सही कदम उठाना हम सभी का कर्तव्य है।



### क्लाइमेट चेंज का नतीजा

बच्चो, क्लाइमेट चेंज का ही नतीजा है कि कहीं पहाड़ दरक रहे हैं तो कहीं नदियां सूख रही हैं। दुनिया के किसी कोने में ग्लेशियर पिघल रहे हैं, तो कहीं रेगिस्तान का विस्तार हो रहा है। ऐसा सब होना और तेजी से होना, वाकई चिंता की बात है। इस साल पर्यावरण दिवस पर लोगों को जागरूक करने वाला यह विषय साफ-साफ समझा रहा है कि हमारी धरती हमसे बहस नहीं करती। हमारा घर कहा जाने वाला यह प्लेनेट कोई बातचीत नहीं करता। यह सिर्फ संकेत भेजता है। ग्लेशियर पिघलने से बढ़ते समुद्र, जंगल में आग की बढ़ती घटनाएं, बेहद गरम या ठंडी हवाएं, ऐसी बहुत सी बातें बिगड़ते पर्यावरण के ही इशारे हैं। चिंता की बात है कि हम सब ऐसे सिग्नल्स की अनदेखी कर रहे हैं। हमारी प्यारी पृथ्वी द्वारा भेजे जा रहे संकेतों के प्रति नासमझ बने बैठे हैं। वर्ल्ड एनवॉयरनमेंट-डे हमारी इस लापरवाही को लेकर चेताने वाला दिन है।

### क्लाइमेट केयर है जरूरी

बच्चो, क्लाइमेट चेंज जैसी स्थिति से निपटने के लिए हमें प्रॉपर क्लाइमेट केयर करना होगा। तभी जाकर हमारा एनवॉयरनमेंट भी संतुलित और सुरक्षित रहेगा। इसके लिए तुम भी अपना योगदान दे सकते हो, बस तुम्हें अपने डेली-हैबिट्स में थोड़ा-सा बदलाव लाना होगा। पानी बचाना, फूड वेस्ट न करना, अपने कमरे से बाहर आते हुए बिजली-पंखे के स्विच बंद करना, कूड़ा-कचरा को सही जगह फेंकना, साफ-सफाई का ध्यान रखना... जैसी छोटी-छोटी बातें भी बहुत बड़ा बदलाव ला सकती हैं।

बच्चो, असल में बात केवल अपनी जिम्मेदारी समझने की है। पर्यावरण सहेजने के लिए घर के छोटे-बड़े सभी सदस्यों को क्लाइमेट वॉरियर बनना होगा। आस-पास जाने के लिए पैदल चलना या साइकिल का इस्तेमाल करने से लेकर अपने साथ एक थैला लेकर चलने और प्लास्टिक से दूरी बनाने तक। सब कुछ क्लाइमेट केयर से जुड़ा है। यूनाइटेड नेशंस द्वारा तय किया गया यह दिन, पर्यावरण की सेफ्टी और स्वास्थ्य के साथ ही दुनिया भर के लोगों की भलाई से भी जुड़ा है। ऐसे में क्लाइमेट केयर करना कहीं न कहीं खुद अपनी और अपने एनवॉयरनमेंट की देखभाल करने जैसा ही है। *




### जागरूक करता खास दिन

विश्व पर्यावरण दिवस, पर्यावरण को बचाने के लिए जागरूकता लाने से जुड़ा एक विशेष दिन है। इससे जुड़ी अवेयरनेस कैंपेन में हर साल खास थीम के साथ लोगों को जागरूक किया जाता है। इस साल का विषय क्लाइमेट चेंज से जुड़ा है। इस साल पर्यावरण दिवस 'नाउ फॉर क्लाइमेट' थीम-टैगलाइन के तहत बिना देरी किए कार्रवाई करने का संदेश लिए है। यह पृथ्वी, पर्यावरण और मौसम के बदलावों से मिल रही चेतावनी को समझने से भी जुड़ा है।

---

बच्चो, बिजली की बचत और सौर ऊर्जा का अधिक उपयोग पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से बहुत जरूरी है। सौर ऊर्जा के महत्व, उसके इस्तेमाल के साथ जानो कि तुम किन तरीकों से बिजली की बचत में अपना योगदान दे सकते हो?

## बिजली और सौर ऊर्जा का समझदारी से करो उपयोग

पहल
डॉ. दीपक कोहली



बच्चो, राजमर्रा के जीवन में हमारे चारों तरफ बिजली यानी विद्युत ऊर्जा का इस्तेमाल कई तरह से होता है जैसे-घर, स्कूल, पार्क, खेल के मैदान, खेल के उपकरण और छोटे-छोटे खिलौने तक में। लेकिन क्या तुम जानते हो कि पृथ्वी पर सूरज से इतनी ऊर्जा आती है कि अगर हम इसका सही इस्तेमाल करें, तो बहुत सारी बिजली बचाई जा सकती है? सूर्य से मिलने वाली इस ऊर्जा को सौर ऊर्जा कहते हैं।

**क्या है सौर ऊर्जा:** सौर ऊर्जा सूरज की किरणों से प्राप्त होती है। यह स्वच्छ, प्राकृतिक और नवीकरणीय (रीन्यूएबल) ऊर्जा है। इसका मतलब है कि यह कभी खत्म नहीं होती और पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचाती। आजकल तो घरों, स्कूलों, स्ट्रीट लाइट और खेतों में पानी के पंप चलाने तक में सौर ऊर्जा का इस्तेमाल होने लगा है।



**किस तरह करती है काम:** सूरज की किरणें जब सोलर पैनल पर पड़ती हैं, तो ये पैनल सूरज की रोशनी को विद्युत ऊर्जा में बदल देते हैं। यह बिजली घर में लाइट, पंखे और छोटे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को चलाने में काम आती है। सोचो, अगर हर घर और स्कूल में सौर ऊर्जा का इस्तेमाल इस तरह से हो, तो बिजली की कमी नहीं होगी और पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा।

**सौर ऊर्जा से करो ये छोटे-छोटे प्रयोग:** बच्चो, तुम घर या स्कूल में अपने पैरेंट्स की निगरानी में या फिर टीचर की गाइडेंस से छोटे सोलर पैनल से चलने वाले खिलौने बना सकते हो। इससे तुम्हें सौर ऊर्जा के काम करने का तरीका समझ में आएगा। दोस्तों के साथ मिलकर छोटे-छोटे प्रयोग और प्रतियोगिताएं आयोजित कर सकते हो। स्कूल में, घरों में और अन्य स्थानों पर सोलर पैनल लगाने के प्रयोग दिखाकर सभी को इसके बारे में बता सकते हो। इस प्रकार तुम सब बच्चे सौर ऊर्जा के बारे में समझकर, इसका प्रयोग करके और अपनी रोजमर्रा की आदतों में बदलाव लाकर ऊर्जा की बचत कर सकते हो, पर्यावरण की रक्षा में अपना योगदान दे सकते हो।

**तुम भी बचाओ ऊर्जा:** सोलर एनर्जी के यूज को बढ़ाने के साथ ही एनर्जी कंजर्वेशन यानी घरों में आने वाली विद्युत ऊर्जा की बचत करना भी जरूरी है। तुम अपने छोटे-छोटे प्रयासों से ऊर्जा की बचत कर सकते हो। जैसे- जब कमरे में रोशनी की जरूरत न हो तो लाइट्स बंद कर दो। कमरे की खिड़कियों से आ रही प्राकृतिक रोशनी का इस्तेमाल करो। पंखे और टीवी जैसे इलेक्ट्रिक उपकरणों का जब इस्तेमाल नहीं करना हो तो इन्हें बंद कर दो। घर में सबके साथ मिलकर 'एक घंटा बिना बिजली' जैसी एक्टिविटी करो। अपने दोस्तों और भाई-बहनों को भी ऊर्जा बचाने के तरीकों के बारे में बताओ।

जरा सोचो बच्चो, अगर हर बच्चा अपने घर, स्कूल और आस-पास के क्षेत्र में बिजली का समझदारी से इस्तेमाल करे और सौर ऊर्जा का अधिक इस्तेमाल करे तो हमारे गांव, शहर और देश में बिजली की कितनी बचत होगी। साथ ही हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। *

---

तुम्हारे लिए प्रेरक किताब / विज्ञान भूषण

## पर्यावरण के प्रति हमें जागरूक बनाता उपन्यास

बच्चो, यह तो तुम जानते ही हो कि इस समय पूरी दुनिया पर पर्यावरण का संकट मंडरा रहा है। इस संकट को दूर करने में केवल बड़े ही नहीं बच्चे भी अपने स्तर पर प्रयास कर सकते हैं, लोगों में जागरूकता फैला सकते हैं। बाल उपन्यास 'हरियाली की ओर' भी कुछ ऐसा ही संदेश देता है। इसकी लेखिका प्रसिद्ध बाल साहित्यकार मीनू त्रिपाठी हैं, जिन्हें इस पुस्तक के लिए 'हरिकृष्ण देवसरे बाल साहित्यकार सम्मान-2025' से सम्मानित किया गया है।



इस उपन्यास की मुख्य पात्र वंशिका है, जो समझदार होने के साथ थोड़ी चंचल भी है। वह बहुत अच्छी एक्टिंग कर लेती है। इसीलिए थोड़ी नाराजगी के बावजूद नाटक मंचन का आयोजन करने वाले नीलेश सर, उसे स्कूल के समारोह में होने वाले नाटक (सिर सांठें रूंख..) के मंचन में अमृता देवी (जिन्होंने करीब तीन सौ साल पहले राजस्थान के खेजड़ली गांव में पेड़ों को कटने से बचाने के लिए अपनी तीन बेटियों के साथ बलिदान दे दिया था) की मुख्य भूमिका निभाने का मौका मिलता है। वंशिका के पापा और मम्मी भी उसे पर्यावरण संरक्षण के बारे में वन के महत्व और चिपको आंदोलन जैसी बहुत सी बातें बताते हैं, उसे प्रेरित करते हैं। कई भावुक और रोमांचक घटनाओं के साथ अंत में वंशिका बड़े साहस से अपने पापा को भी एक मुसीबत से बचाती है। पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रोचक तरीके से प्रस्तुत करता यह उपन्यास बच्चो, तुम्हें जरूर पसंद आएगा और अपने आस-पास के पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए प्रेरित भी करेगा। निश्चित ही इससे तुम भी अपने आस-पास के पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए हर संभव प्रयास करोगे। *

**किताब :** हरियाली की ओर (बाल उपन्यास), **लेखिका :** मीनू त्रिपाठी, **मूल्य :** 140 रुपए, **प्रकाशक :** प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली

---



कहानी
डॉ. विमला भंडारी

मुन्ना एक दिन तेज गर्मी से बेहाल था। बिजली भी नहीं आ रही थी, जो उसे पंखे, एसी की हवा में राहत मिलती। मम्मी गर्मी की तेज धूप में उसे बाहर भी नहीं जाने दे रही थीं। मुन्ना को जब मम्मी ने इस भीषण गर्मी की वजह बताई तो उसने जो कोशिश की, वह कोशिश पर्यावरण संरक्षण के लिए हर बच्चे को करनी चाहिए।

## प्रकृति से दोस्ती

दो पहर में मुन्ने का जो रोना शुरू हुआ, थमने का नाम ही नहीं ले रहा था। गर्मी ने उसकी हालत खराब कर दी थी। उसका छोटा-सा चेहरा लाल हो गया था। पसीना बालों से टप-टप पानी की तरह गिर रहा था। वह बार-बार अपने नन्हे हाथ चेहरे पर ले जाकर पसीना पोंछता और रोते हुए कहता, 'उऊं मां... बहुत गर्मी लग रही है... अब क्या करें, कहां जाएं... इस गर्मी से कैसे छुटकारा पाएं? तुम बाहर भी नहीं निकलने देतीं... बिना दोस्तों के कैसे मन बहले?'

मां ने मुन्ना को गोद में उठाया और प्यार से सहलाते हुए बोलीं, 'चुप हो जा बेटा... लाइट भी चली गई है। देख, पंखा भी बंद है, फ्रिज भी... ऐसी गर्मी में तो...।'

'...तुम तो मुझे ठंडा पानी ही ला दो। जरा मुंह धो लूं और पी भी लूंगा।' मुन्ना बीच में ही बेचैन स्वर में बोला।

'अब ठंडा पानी कहां से लाऊं?' मां मुन्ने की तरफ देखते हुए बोलीं। पास में बैठा डॉग रॉकी भी हांफ रहा था। उसकी जीभ बाहर लटक रही थी। मुन्ना उसे देखकर बोला, 'मां, रॉकी को देखो, इसको क्या हो गया है? इसने क्यों जीभ बाहर निकाल रखी है? क्या इसको भी बहुत गर्मी लग रही है... यह भी मेरी तरह खेलने नहीं जा पा रहा...।'

मां ने गहरी सांस ली और बोलीं, 'बेटा, यह सिर्फ गर्मी नहीं है, यह तो हमारी गलती का नतीजा है।'

मुन्ना थोड़ी देर के लिए चुप हो गया। उसने मां को देखा, मां आसमान की ओर इशारा कर रही थीं। मुन्ना ने आसमान की ओर देखा, सूरज आग उगल रहा था। उसने पूछा, 'मां, क्या सूरज गुस्सा है?'

मां हंसी फिर बोलीं, 'सूरज गुस्सा नहीं है बेटा... लेकिन हमने धरती को इतना बदल दिया है कि अब गर्मी ज्यादा लगने लगी है। जब मैं छोटी थी, तब हमारे घर में बड़ा-सा आंगन होता था। उसमें नीम और आम के पेड़ होते थे। उनकी छांव इतनी ठंडी होती थी कि बिजली से चलने वाले पंखे की जरूरत ही नहीं पड़ती थी। एसी और कूलर तो थे ही नहीं। केवल हाथ से चलने वाली छोटी पंखी होती थी। उसकी जरूरत भी कभी-कभी पड़ती थी।'



एआई इमेज

मां मुन्ने को पंखी की कहानी सुनाने लगीं कि वह कैसे धागे से कशीदा करके सुंदर-सुंदर पंखियां बनाती थीं। गर्मी को भूल कहानी में डूबे मुन्ना ने हैरानी से पूछा, 'क्या.. सच मां? फिर पानी ठंडा कैसे होता था? क्या उसको भी पंखी से हवा करते थे?'

मां ने पास रखी एक पुरानी मटकी की ओर इशारा किया, 'ऐसी ही मटकी में पानी रखते थे। इसमें पानी ठंडा रहता था। चाहे कितनी भी गर्मी हो, मटकी में हमेशा ठंडा पानी मिलता था। खूब ठंडे पानी के लिए गीला कपड़ा मटकी के चारों ओर लपेट देते थे और पेड़ की छाया के नीचे गीली मिट्टी में रख देते थे। इससे तो मटकी से बहुत ही ठंडा पानी मिलता था। मेरे ननिहाल में तो रात को पलंग के पास सुराही में पानी भरकर रखते थे।' 'यह सुराही क्या होती है मां?' मुन्ना ने आंखें झपकाते हुए पूछा।

'सुराही मिट्टी की बनी होती है। तुम्हारी वाटर बॉटल की तरह होती थी। इसमें भी मटकी की तरह बड़ा ठंडा पानी मिलता था। सब मिट्टी और पेड़ की माया थी।' मां मुन्ने को समझाते हुए बोलीं। मुन्ना धीरे-धीरे शांत होने लगा। उसने रॉकी की ओर देखा, वह भी कान खड़े किए मानो ठंडे पानी और ठंडी छाया की बात शांत मन से सुन रहा था। मुन्ना बोला, 'मां, अगर हम भी पेड़ लगाएंगे तो क्या फिर ठंडी छांव मिलेगी?'

मां के चेहरे पर हल्की मुस्कान आ गई, 'हां, बेटा, बिल्कुल मिलेगी। अगर हम पेड़ लगाएंगे, पानी बचाएंगे और प्रकृति का ध्यान रखेंगे, तो गर्मी भी कम लगेगी।'

अगले ही दिन, मुन्ना ने शावर नहीं चलाया और बाल्टी में पानी भर के नहाया। उसने बेसिन का नल भी खुला नहीं रखा, मुंह-हाथ धोने के बाद नल बंद कर दिया। मां बोली, 'आज गमले में एक पौधा लगाएंगे।'

'मां क्या आम का पेड़ लगाएंगे?' मुन्ना ने उत्साह से पूछा।

मां हंसते हुए बोलीं, 'हमारे घर अब छोटे हो गए हैं। यहां आम का पेड़ नहीं लगा सकते, पर गमले में किसी बेल का पौधा जरूर लगाएंगे, जो चारों तरफ बालकनी में फैल जाएगी और फिर हमें थोड़ी छाया और ठंडी हवा देगी। अगर तुम्हें पेड़ लगाना है तो घर के बाहर खाली मैदान में लगा सकते हो।' मुन्ने ने घर की बालकनी में गमले में बेल तो लगाई ही, मां के साथ मिलकर घर के बाहर की जमीन एक छोटा-सा पौधा लगाया। मुन्ना रोज उसे पानी देता और रॉकी उसकी रक्षा के लिए उसके पास बैठा रहता। कुछ दिनों बाद वह पेड़ बड़ा हो गया। मुन्ना ने मां से कहा, 'अब तो यह बड़ा होकर हमें छाया देगा ना!'

मां ने उसे गले लगाते हुए कहा, 'हां बेटा, यह पेड़ सिर्फ तुम्हारी पीढ़ी को ही नहीं, तुम्हारी अगली पीढ़ियों को भी छाया देगा। तुमने पेड़ लगाकर पर्यावरण की रक्षा की है। बेटा, तुमने एक बड़ा काम किया है।'

मुन्ना खुश था। अब उसे समझ आ गया था कि गर्मी से लड़ने का असली उपाय पंखा-एसी-फ्रिज नहीं, बल्कि प्रकृति से दोस्ती है। इस धरती और पर्यावरण को बचाना है, तो निरंतर हमें पेड़ लगाने होंगे। *

---

कविता
डॉ. उमेश चंद्र सिरसवारी



एआई इमेज

## मिलकर पर्यावरण बचाएं!

धरती मां की सुनो पुकार,
पेड़-पौधों से करो प्यार।
नदियां कहतीं, जल बचाओ,
आओ बच्चो कदम बढ़ाओ।
चिड़िया गाए, पवन मुस्काए,
हरी-भरी धरती हर्षाए।
सब मिलकर पौधे लगाएं,
सुंदर अपना भविष्य बनाएं।
कूड़ा न फेंकें इधर-उधर,
स्वच्छ रखें हर गली-डगर।
जल हो निर्मल शुद्ध हवा हो,
प्रदूषण कहीं भी न जरा हो।
धरा के रक्षक बनें सब बच्चे,
काम करें हम अच्छे-अच्छे।
गाएं, खेलें, हाथ मिलाएं,
सब मिलकर पर्यावरण बचाएं!

---

## जीके क्विज-208

1. हरे पेड़-पौधे प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया में कौन-सी गैस उत्पन्न करते हैं?
2. पेड़ों को बचाने के लिए चिपको आंदोलन किसके नेतृत्व में शुरू किया गया था?
3. ग्लोबल वार्मिंग का प्रमुख कारण कौन-सी गैस को माना जाता है?
4. वायुमंडल की कौन-सी परत सूर्य की पराबैंगनी किरणों से हमारी रक्षा करती है?
5. अम्ल वर्षा किन गैसों के कारण होती है?
6. आईपीएल-2026 का फाइनल मैच किस टीम ने जीता?
7. आईपीएल के एक ही सीजन में सर्वाधिक छक्के लगाने का नया रिकॉर्ड किस भारतीय क्रिकेटर ने बनाया?
8. हाल ही में भारत का पांचवां पूर्ण साक्षर राज्य कौन बना है?
9. किस देश को हजारों झीलों का स्थान कहा जाता है?
10. भारतीय सशस्त्र बलों के नए सीडीएस (चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ) कौन बनाए गए हैं?



बच्चो, जीके क्विज-208 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-207 का उत्तर :** 1. दिल्ली, 2. यांग शुआंग जी, 3. केरल, 4. 21 जून, 5. यमुना, 6. कामी रीता शेरपा, 7. तारापुर, 8. डायबिटीज, 9. अमेजन वर्षा वन, 10. मध्य प्रदेश

**जीके क्विज-207 का सही उत्तर देने वाले :** पूरब-बिलासपुर, मोनू-गरियाबंद, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, जिया शिया-रायगढ़, कुणाल-रायपुर, तान्या-दुर्ग, सचिन-बालोद, हर्ष-महासमुंद, कबीर-हिसार, राजन-रायगढ़, अंकित-कटनी

---

## रंग भरो-203

**रंग भरो-203** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





वर्णिका, खैरागढ़



मान्या, बिलासपुर



साक्षी, दुर्ग



तन्मय, महेंद्रगढ़



श्रेया, दुर्ग



दीक्षांत, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आशना-जांजगीर, साक्षी-रायपुर, सिद्धि-राजनांदगांव, सौम्या-बालोद, साक्षी-रायपुर, आशुतोष-इंदौर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, कोमल-जांजगीर, श्वेता-कटनी, अदिति-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, हेमंत-करनाल, सपना-बिलासपुर

---

## रंग भरो 204



बच्चो, इस चित्र में पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोनी नया पौधा लगा रही है। इस तस्वीर को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### छितरोली में रागनी कंपटीशन 13 जून को

**कनीना।** हरियाणा की लोक संस्कृति पारंपरिक गायन कला को प्रोत्साहित करने के लिए गांव छितरोली में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण रामनिवास, अमित, सूबेदार सुखबीर सिंह व नरेंद्र शास्त्री ने बताया कि 13 जून शनिवार को छितरोली के खेल स्टेडियम में रात्रि के समय इनामी रागनी कंपटीशन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हरियाणवी लोक गायक कलाकार जगवीर कारोरिया, सुरेश हड़ोली, नरेंद्र भैंसवालिया, दीपक चिड़यि, आनंद जांटी, राजबीर दुजाना, अंशु देवतवाल, दलबीर फौजी रागनियों की प्रस्तुति देंगे। समारोह के मुख्य अतिथि अतरलाल होंगे। प्रतियोगिता में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले कलाकारों को क्रमशः 31 हजार, 21 हजार व 11 हजार रुपये के नकद पुरस्कारों से नवाजा जाएगा।

### सुदर्शन बंसल के निधन पर जताया शोक

**नारनौल।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सुदर्शन बंसल मनोनीत पार्षद के निधन पर उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होने से पूर्व भारतीय जनता पार्टी के पार्टी ध्वज के साथ उन्हें अश्रुपूर्ण विदाई दी।



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट राकेश शर्मा ने कहा कि सुदर्शन बंसल भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ व ईमानदार वरिष्ठ कार्यकर्ता थे, उनके जाने से पार्टी को बहुत बड़ा आघात लगा है और एक बहुत बड़ी क्षति हुई है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में नहीं की जा सकती। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, वरिष्ठ भाजपा नेता गोविंद भारद्वाज, पूर्व जिला अध्यक्ष अजीत सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष जोगिंद्र सिंह राजपूत, जिला महामंत्री किशनलाल सैनी, पूर्व जिला महामंत्री लख्मीचंद चौहान, जिला मंत्री मनीष संघी, नरेंद्र झिमरिया, पूर्व जिला महामंत्री राजेंद्र यादव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रदीप गौड़, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र कौशिक, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा, जिला कार्यालय मंत्री संजय अमन आदि ने शोक व्यक्त किया।

### स्व. नेतराम सैनी व कलावती देवी की स्मृति में लगाया रक्तदान शिविर

# रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्यः कांता देवी

*रेडक्रॉस भवन में 160 यूनिट रक्त एकत्रित 200 से अधिक इच्छुक रक्तदाताओं को बिना रक्तदान किए वापस लौटाया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

युवा साथी ग्रुप हरियाणा एवं उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा की ओर से स्वर्गीय नेतराम सैनी व स्वर्गीय कलावती देवी की पावन स्मृति में जिला रेडक्रॉस सोसायटी में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि कांता देवी प्रिंसिपल नेत्रहीन कन्या विद्यालय व विशिष्ट अतिथि डॉ. पवित्रा राव अध्यक्षा हस्ती देवी जनकल्याणार्थ समिति एवं चेयरपर्सन आरपीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने किया।

रक्तदान शिविर को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही बड़ी संख्या में रक्तदाता रेडक्रॉस भवन पहुंचने लगे। शिविर में कुल 160 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदाताओं की भारी भीड़ के कारण ब्लड बैंक की क्षमता पूरी हो गई। जिसके चलते टीम ने अतिरिक्त रक्त लेने में असमर्थता जताई।

इस कारण लगभग 200 से अधिक इच्छुक रक्तदाताओं को बिना रक्तदान किए वापस लौटना पड़ा। इसके बावजूद युवाओं का उत्साह कम नहीं हुआ और उन्होंने भविष्य में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविरों में भाग लेने का संकल्प लिया। शिविर की विशेष बात यह रही कि महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रिया नांगतिहाड़ी व पूनम नारनौल ने



नारनौल। शिविर में रक्तदान करते युवक। फोटो: हरिभूमि

पहली बार रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने के बाद उन्हें बेहद खुशी महसूस हो रही है। उनका रक्त किसी जरूरतमंद मरीज के काम आएगा। इससे बड़ा कोई पुण्य नहीं हो सकता। उन्होंने अन्य महिलाओं और युवतियों से भी नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की।

मुख्य अतिथि कांता देवी ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है। रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है और किसी गंभीर मरीज के लिए रक्त जीवनदान साबित होता है। उन्होंने कहा कि युवा साथी ग्रुप हरियाणा व उड़ान जनसेवा ट्रस्ट समाज में सेवा और जागरूकता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे है। युवाओं को ऐसे आयोजनों से प्रेरणा लेकर नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि आज के समय में अस्पतालों में रक्त की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त कई लोगों की जिंदगी बचाने में सहायक बन सकता है। शिविर में युवाओं, महिलाओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों की भागीदारी यह दर्शाती है कि समाज में मानव सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

#### इन्होंने निभाई सक्रिय भूमिका

शिविर के सफल आयोजन में सुमित गिरी महाराज, तजेंद्र पाल, जिला प्रमुख राकेश कुमार, संजय सैनी, गोरक्षक बिरेंद्र, नरेश यादव नरसी, संजय शर्मा, विपिन शर्मा, डीआईओ प्रशांत यादव, राजीव शर्मा, राजेंद्र सैनी, मानसिंह सैनी, बिशन सैनी, सुनील यादव, बिरेंद्र सेकवाल, अनिल यादव, सुरेंद्र शर्मा, इंदु यादव, गीता यादव, रोहताश सैनी, रवि भारती, मनोज सेकवाल, मनोज यादव कलवाड़ी, बिट्टू राजवोरिया, रवि सैनी, युवराज, कपिल, भूपेंद्र, संदीप ठेकेदार, प्रदीप टांडू, सावन टांडू, मोहित सेठी, बिट्टू लाम्बा, सवित राज, जीतू रहीस, वीरसिंह, पवन बाछोदिया, शमशेर, लोकेश जोगी, रवींद्र शर्मा, तनु पार्षद, सुमेर कांडा, मनीष प्रजापति, साहिल सिंगर, रानी संघी, विक्रम, पीयूष, योगेश सैनी, गोलू सैन, अनिल शर्मा, अनुज सम्बरवाल, मंजीत लाठर सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

#### यह रहे मौजूद

इस मौके पर सोनू, मोनू, दीपक, रमन, अंशुल, राहुल बोस, राहुल कारपेंटर, हेमंत, विशाल, संदीप, पूर्ण, महेश, कृष्ण चेयरमैन, मनोज अवाना, पंकज भोले, गौतम मिगलानी, ईशू, अनिल पार्षद, अन्नी ढाणी बाठोठा, रमेश प्रधान, रामशरण प्रधान, रिंकू, राजकुमार, भूपसिंह, सचिन, आशीष सुराना, मनीष कुमार, कौशल शर्मा रेडक्रॉस, सुमित मेहता, हंसराज डीपी, ओमप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी



नारनौल। समाधान शिविर में जन समस्याएं सुनते एडीसी तरुण कुमार पावरिया।

### समाधान शिविर में 57 नागरिकों ने रखी समस्याएं

**नारनौल।** सरकार के दिशानिर्देशानुसार जनसमस्याओं के समाधान के लिए वीरवार को लघु सचिवालय स्थित मीटिंग हॉल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता एडीसी तरुण कुमार पावरिया ने की, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आए 57 नागरिकों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखी। समाधान शिविर के दौरान परिवार पहचान पत्र से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया गया। इस अवसर पर एडीसी ने कहा कि परिवार पहचान पत्र वास्तविक लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है। परिवार पहचान पत्र के अलावा शिविर में बिजली, पेयजल आपूर्ति, गलियों और अवैध कब्जों से संबंधित शिकायतें भी प्राप्त हुईं। इस मौके पर सीईओ जिला परिषद निर्मल नागर, नगराधीश डॉ. मंगल सेन, डीएसपी भारत भूषण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



नारनौल। जनसंवाद कार्यक्रम में अतरलाल का स्वागत करते ग्रामीण।

### लखपति दीदी उद्यमिता योजना का लाभ देने की मांग

**नारनौल।** बहुजन समाज पार्टी के नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने प्रदेश सरकार से अटेली विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं को लखपति दीदी उद्यमिता योजना का लाभ देने की मांग की है। अतरलाल ने उक्त मांग उपमंडल के गांव गाहड़ा, करीरा, भड़फ में बसपा की ओर से आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में उठाई। राज्य सरकार लखपति दीदी उद्यमिता योजना को लागू करने में अटेली विधानसभा क्षेत्र के साथ भेदभाव कर रही है। उन्हें अटेली क्षेत्र के अनेक गांवों की महिलाओं से शिकायत मिली है कि उनके गांवों में किसी भी महिला व बहन को लखपति दीदी उद्यमिता योजना से नहीं जोड़ा गया है। इस मौके पर सुभाष यादव, दानसिंह प्रजापत, प्रहलाद तंवर, कैलाश ठेकेदार, सुरेश कुमार, महेश, श्यामलाल, नरेश, शेरसिंह, विनोद यादव, प्रताप सिंह, रामकला, मेवा, पुष्पा, बिमला, अनिता, नीलम, सुनिता, दाताराम, अतरसिंह, शिवलाल, गजराज सिंह, कर्णसिंह, दलीप सिंह, कुलदीप, अजय, दिनेश आदि उपस्थित थे।



महेंद्रगढ़। लोगों को सकोरे वितरित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### 5100 सकोरे लगाने का लिया संकल्प

**महेंद्रगढ़।** भीषण गर्मी के मौसम में बेजुबान पक्षियों को दाना-पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समाजसेवा और लोकहित के कार्यों में सक्रिय सिंगर रजनी शर्मा ने एक सराहनीय पहल की है। उन्होंने गांव धनौंदा से अभियान की शुरुआत करते हुए 21 सकोरे रखे तथा आगामी दिनों में 5100 सकोरे लगाने का संकल्प लिया। इस अभियान के तहत रजनी शर्मा ने सबसे पहले गांव धनौंदा स्थित चंदनपुरी आश्रम में पक्षियों के लिए सकोरे रखे। इसके बाद गांव झाड़ली स्थित दुर्गापुरी आश्रम में भी सकोरे स्थापित किए गए। सिंगर रजनी शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती गर्मी के कारण पक्षियों को पानी और भोजन की काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति का यह नैतिक दायित्व बनता है कि वह अपने घर, दुकान, खेत या छत पर कम से कम एक सकोरा अवश्य रखे। इस अवसर पर टोडर खटाणा, बलबीर, राधे श्याम ठेकदार, अनिल, लालचंद, पंडित हरनारायण, ललित कौशिक, प्रशांत सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### डीएलएसए के माध्यम से समाधान समारोह में सुलझा जिले से जुड़ा बड़ा कानूनी मामला

**नारनौल।** सर्वोच्च न्यायालय की ओर से आयोजित समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के प्रयासों से जिला महेंद्रगढ़ से जुड़े एक कानूनी मामले का दोनों पक्षों की आपसी सहमति से शांतिपूर्ण निपटारा करवाया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) नीलम कुमारी ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ से जुड़ा अचीवर्स वेलफेयर सोसाइटी बनाम भारत संघ व अन्य (केस संख्या 23947/2025) का विगत दो जून को समाधान समारोह के तहत निपटारा किया गया। उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय का यह समाधान समारोह आमजन को सुलभ न्याय दिलाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम साबित हुआ है। इस विशेष लोक अदालत के माध्यम से स्थानीय स्तर के लंबित विवादों का आपसी तालमेल तथा संवाद के जरिए स्थाई समाधान किया जा रहा है।

### हर नल पर टोंटी लगवाएं उपभोक्ता

**मंडी अटेली।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से वीरवार को ग्राम पंचायत डेरोली अहीर में विशेष जल संरक्षण अभियान चलाया गया। बढ़ती गर्मी और पेयजल संकट की आशंका को देखते हुए विभाग ने यह पहल की, ताकि ग्रामीणों को पानी के महत्व के प्रति जागरूक किया जा सके और अनावश्यक बर्बादी पर रोक लगाई जा सके। अभियान के तहत विभागीय टीम ने ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के सदस्यों के साथ मिलकर गांव के विभिन्न घरों का दौरा किया। घर घर जाकर नलों की स्थिति की जांच की गई और ग्रामीणों को समझाया गया कि पानी की एक एक बूंद कितनी कीमती है। निरीक्षण के दौरान जिन घरों में नल खुले पाए गए या टोंटी नहीं लगी थी, उन्हें चिन्हित किया गया। ऐसे उपभोक्ताओं को मौखिक रूप से चेतावनी देते हुए दो दिन के भीतर नलों पर टोंटी लगाने के निर्देश दिए गए। खंड संसाधन संयोजक धर्मेंद्र ने बताया कि गर्मी के मौसम में पानी की मांग काफी बढ़ जाती है।

## फर्जी बीमा पॉलिसी थमाकर किसान से की 8 लाख रुपये की धोखाधड़ी

**कनीना।** थाना शहर अंतर्गत एक व्यक्ति के खिलाफ फर्जी बीमा पॉलिसी जारी कर करीब आठ लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का संगीन मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत और जांच रिपोर्ट के आधार पर आरोपित के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 और 120बी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिला रेवाड़ी के ग्राम लिसान निवासी देवेंद्र उर्फ कालिया ने नारनौल उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि उनके पास एक सोनालिका ट्रैक्टर है। वर्ष 2019 में उन्होंने अपने ट्रैक्टर का बीमा करवाने के लिए कनीना स्थित पॉलिसी जंक्शन दुकान के संचालक मनोज कुमार निवासी मोहनपुर नांगल से संपर्क किया था। आरोपित मनोज कुमार ने खुद को अधिकृत एजेंट बताते हुए देवेंद्र से 10000 रुपये प्रीमियम राशि ली और रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी की एक पॉलिसी उसे थमा दी। मामले का खुलासा तब हुआ जब 28 अगस्त 2019 को उक्त ट्रैक्टर का एक्सीडेंट हो गया। हादसे के बाद जब पीड़ित पक्ष द्वारा कोर्ट में मोटर एक्सीडेंट क्लेम याचिका दायर की गई, तो रिलायंस इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारियों ने अदालत में उपस्थित होकर स्पष्ट किया कि यह पॉलिसी उनके द्वारा जारी नहीं की गई है और यह पूरी तरह फर्जी एवं बनावटी है। बीमा पॉलिसी फर्जी निकलने के कारण दुर्घटना की पूरी देनदारी और हर्जाने का बोझ सीधे पीड़ित देवेंद्र पर आ गया। इसके चलते उन्हें अदालती आदेश के तहत मजबूरन लगभग आठ लाख रुपये का भुगतान करना पड़ा। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपित ने उसे भारी आर्थिक व मानसिक नुकसान पहुंचाया है।

## 27 साल से फरार 20 हजार का इनामी आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** पुलिस विभाग के अपराधियों और पीओ के खिलाफ चलाए जा रहे सख्त अभियान के तहत थाना सिटी पुलिस को एक बहुत बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने डकैती के एक मामले में पिछले करीब 27 वर्षों से फरार चल रहे 20 हजार रुपये के इनामी आरोपित धर्मपाल को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। यह मामला साल 1999 का है, डकैती की धारा के तहत थाना शहर में मामला दर्ज किया गया था। जिसमें आरोपित धर्मपाल का नाम भी सामने आया था, आरोपित पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए पिछले करीब 27 साल से फरार चल रहा था। लंबे समय तक पकड़े न जाने के कारण आरोपित धर्मपाल को पुलिस पीओ भी घोषित किया गया था और 20 हजार रुपये का इनाम रखा हुआ था। इस मामले में पूर्व में गिरफ्तार किए जा चुके अन्य आरोपितों से जब पुलिस ने गहनता से पूछताछ की, तो उसी दौरान आरोपित धर्मपाल का नाम मुख्य रूप से सामने आया था। पुलिस अधीक्षक के कड़े निर्देशों के बाद थाना शहर टीम ने सटीक सूचना के आधार पर आरोपित को दबोच लिया। लंबे समय से फरार चल रहे भगोड़ों और उद्घोषित अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस का यह विशेष अभियान आगे भी इसी तरह पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा।



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित।



महेंद्रगढ़। लोगों को जागरूक रते हुए। फोटो: हरिभूमि

## पुलिस ने साइबर जागरूकता दिवस पर आमजन को किया जागरूक

**महेंद्रगढ़।** थाना शहर की पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर साइबर जागरूकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति सचेत करना और उन्हें डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रहने के तौर-तरीकों से रूबरू कराना था। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने स्थानीय निवासियों, राहगीरों और व्यापारियों से सीधा संवाद किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को एसआई विक्रम ने वित्तीय धोखाधड़ी और विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन स्कैम्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी लोगों को अपनी ठगी का शिकार बनाने के लिए नए और बेहद शातिर तरीके अपनाते हैं। उन्होंने बिजली बिल काटने के नाम पर आने वाले फर्जी मैसेज, लॉटरी लगने का लालच, बैंक अधिकारी बनकर केवाईसी अपडेट करने के बहाने और कम समय में पैसा दोगुना करने वाली फर्जी निवेश स्कीमों के बारे में विस्तार से अवगत कराया, ताकि कोई भी नागरिक इनके झांसे में न आए। एसआई विक्रम ने दैनिक जीवन से जुड़े सरल उदाहरण देते हुए लोगों को साइबर सुरक्षा की बारीकियों से परिचित कराया। उन्होंने स्पष्ट किया कि साइबर ठग लोगों के डर और लालच का फायदा उठाते हैं। उन्होंने कहा कि वे कभी भी किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, बैंक खाता संख्या, यूपीआई पिन या एटीएम कार्ड का सीवीवी नंबर साझा न करें। इसके साथ ही, सोशल मीडिया पर आने वाले किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने और अनजान ऐप डाउनलोड न करने बारे बताया गया। पुलिस टीम ने बताया कि यदि किसी सावधानी के बाद भी कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो जाता है, तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।

## हर शिकायत का स्थायी समाधान सुनिश्चित करें विभागाध्यक्षः डीसी

**महेंद्रगढ़।** लघु सचिवालय परिसर के कोर्ट रूम में वीरवार को डीसी अनुपमा अंजली की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में डीसी ने आमजन की समस्याएं सुनते हुए समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतें सुनी। समाधान शिविर में कुल 75 शिकायतें पंजीकृत हुई। डीसी अनुपमा अंजली ने संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि विभागाध्यक्ष स्वयं ऐसी शिकायतों पर संज्ञान लें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि को ध्यान में रखते हुए समाधान करवाएं, ताकि वही शिकायत दोबारा न खुले। उन्होंने कहा कि आमजन प्रशासन पर विश्वास करके अपनी समस्याएं लेकर आते हैं, इसलिए प्राथमिकता के आधार पर लोगों की छोटी से छोटी समस्या का भी समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर को केवल औपचारिकता न मानते हुए जनसेवा का माध्यम समझें और हर शिकायत का समयबद्ध व स्थायी समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए निर्धारित दिन पर समाधान शिविर में पहुंचे और अपनी शिकायत दर्ज करवाएं। इस अवसर पर डीएमसी रणबीर सिंह, एसडीएम योगेश सैनी, एएसपी फैजल खान, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी प्रमोद कुमार, तहसीलदार अजय कुमार, डीएचबीवीएन के कार्यकारी अभियंता रणबीर सिंह, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ देवेन्द्र सिंह, सहायक रोजगार अधिकारी जितेंद्र, नगर पालिका सचिव प्रशांत परासर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। लोगों की शिकायत सुनती डीसी। फोटो: हरिभूमि

## डॉ. भंवर सिंह राज्य संयोजक व डॉ. धर्मवीर बने सह-संयोजक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल/महेंद्रगढ़

आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के भव्य और सफल आयोजन को लेकर हरियाणा में तैयारियां तेज हो गई हैं। आयुष मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से देश भर में योग व प्राकृतिक चिकित्सा का अलख जगाने वाली अग्रणी संस्था इन्टरनेशनल नेचरोपैथी आर्गेनाइजेशन व सूर्या फाउंडेशन द्वारा हरियाणा राज्य के लिए संगठनात्मक नियुक्तियों की घोषणा की गई है।

संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनंत बिरादार एवं सूर्या फाउंडेशन के चेयरमैन जयप्रकाश के मार्गदर्शन में स्वामी ब्रह्मानंद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय व योग केंद्र बुचोली रोड महेंद्रगढ़ के मुख्य चिकित्सा प्रभारी डॉ. भंवर सिंह कसाना को हरियाणा राज्य का संयोजक व योगाचार्य डॉ. धर्मवीर यादव को राज्य सह-संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवनियुक्त राज्य संयोजक डॉ. भंवर सिंह व सह-संयोजक डॉ. धर्मवीर ने




डॉ. भंवर सिंह कसाना व डॉ. धर्मवीर यादव

बताया कि पूरे हरियाणा राज्य में कार्यक्रम के सुचारू संचालन और व्यापक समन्वय के लिए आगामी सात जून को एक राज्य स्तरीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से हरियाणा के प्रत्येक जिले में दो से पांच जिला समन्वयकों और ब्लॉक कन्वीनर की नियुक्ति आधिकारिक रूप से कर दी जाएगी। सभी पदाधिकारियों को 21 जून के मुख्य कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रोटोकॉल प्रशिक्षण और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे। डॉ. भंवर ने बताया कि इस वर्ष आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग निर्धारित की गई है।

### भारत निर्माण युवा दल शिविर में साइबर क्राइम जागरूकता सत्र

# भड़फ में चल रहा प्रशिक्षण शिविर, युवा हो रहे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

भारत निर्माण युवा दल के गांव भड़फ में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में साइबर क्राइम जागरूकता विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साइबर क्राइम अधिकारी विष्णु ने उपस्थित दल वीरों को साइबर अपराधों, ऑनलाइन धोखाधड़ी और डिजिटल सुरक्षा के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की।

साइबर क्राइम अधिकारी विष्णु ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं और लोगों को जागरूक रहकर ही इनसे बचा जा सकता है। उन्होंने फर्जी कॉल, ओटीपी धोखाधड़ी, सोशल मीडिया हैकिंग, बैंकिंग फ्रॉड, नकली वेबसाइटों और ऑनलाइन ठगी के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने दल वीरों को समझाया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी व्यक्तिगत जानकारी, बैंक खाते की जानकारी, पासवर्ड या ओटीपी साझा नहीं करना चाहिए।




नारनौल। शिविर में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी एवं अतिथिगण।

#### साइबर हेल्पपाइन 1930 पर दर्ज करें शिकायत

उन्होंने युवाओं को सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने, मजबूत पासवर्ड रखने तथा संदिग्ध लिंक और संदेशों से सावधान रहने की सलाह दी। साथ ही साइबर अपराध होने की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया भी बताई। सत्र के दौरान दल वीरों ने साइबर सुरक्षा से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे, जिनका विष्णु जी ने सरल और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समाधान किया। इस उपयोगी मार्गदर्शन से सभी प्रतिभागियों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति नई जागरूकता प्राप्त हुई।

#### डिजिटल युग में युवाओं को जागरूक करना जरूरी : अभिमन्यु यादव

कार्यक्रम के अंत में भारत निर्माण युवा दल के संस्थापक अभिमन्यु यादव ने साइबर क्राइम अधिकारी विष्णु का अभिनंदन करते हुए उनका हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया। आज के डिजिटल युग में युवाओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। विष्णु द्वारा दी गई जानकारी दल वीरों के लिए भविष्य में बहुत उपयोगी सिद्ध होगी और उन्हें सुरक्षित डिजिटल नागरिक बनने में सहायता करेगी। उपस्थित सभी दल वीरों ने इस ज्ञानवर्धक सत्र की सराहना की तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया। भारत निर्माण युवा दल द्वारा ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जाता रहेगा ताकि युवाओं में राष्ट्र निर्माण के साथ-साथ सामाजिक और डिजिटल जिम्मेदारियों के प्रति भी चेतना विकसित हो सके।

**PUBLIC NOTICE**

I Ajit Kumar yadav S/o Rajender Prasad R/o Village Dohar Kalan Tehsil Narnaul Distt. Mahendergarh Haryana declare that my father name mentioned as Rajender Prasad Yadav in my 10th & 12 class Marksheet by mistake. Correct name of my father is Rajender Prasad. necessary correction as per rules.

**PUBLIC NOTICE**

I, JC-269156M SUB Hawa Singh s/o Sardar Singh R/o Vill-Balaha Kalan, Krishan Nagar Distt- M-Garh (HR) wants to change the name of my wife from Sabita to Savita Devi in my serivice record.

**सरपंच ग्राम पंचायत, सिहोर**
**खण्ड-कनीना, जिला महेन्द्रगढ़ (हरियाणा)**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे गांव सिहोर में तीन जोहड़ों की नीलामी (मछली पालन) हेतु दिनांक 18.06.2026 को प्रातः 10 बजे बाबा ब्रहमचारी मंदिर के पास लगाई जाएगी। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जोहड़ों की कीमत 25000/- रूपये ब्रहमचारी वाला जोहड़, 13000/- रूपये बिहारी दास आश्रम वाला जोहड़ तथा 10000/- रूपये बसई नहर वाला जोहड़ का न्यूनतम मूल्य निर्धारित किया गया है। बाकी शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी।

हस्ता/-अंजली
ग्राम सचिव, सिहोर
मो. नं. 8059459762

हस्ता/-सरपंच, हरीश कुमार
ग्राम पंचायत सिहोर
मो. नं. 9711142453

## खबर संक्षेप



### दो सब इंस्पेक्टर को पदोन्नति

**नारनौल।** पुलिस अधीक्षक दीपक ने एसआई सज्जन सिंह व एसआई लक्ष्मी नारायण को निरीक्षक के पद पर पदोन्नति मिलने उपरांत उनके कंधे पर स्टार लगाकर बधाई दी। यह दोनों पुलिस कर्मचारी वर्ष 1988 में हरियाणा पुलिस में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। निरीक्षक लक्ष्मी नारायण का अधिकतर कार्यकाल पलवल व रेवाड़ी का रहा है। वर्तमान में थाना अटेली के प्रभारी के रूप में तैनात सज्जन सिंह अपनी कड़ी मेहनत और कर्तव्यनिष्ठा की बदौलत अब विभागीय पदोन्नति पाकर पुलिस निरीक्षक बन गए हैं।

### फर्जी प्रमाण पत्र का दावा कर सरपंच ने की शिकायत

**नारनौल।** गांव खटोटी खुर्द की सरपंच का आरोप है कि एक सोलर प्लांट है। उसने फर्जी प्रमाण पत्र बनाया है, उस पर सरपंच की मोहर व हस्ताक्षर भी किए है। इसी शिकायत को लेकर सरपंच ने एसपी को शिकायत की है। सरपंच ज्योति ने शिकायत में बताया है कि उसके गांव में एक सोलर प्लांट लगाया गया है जिसकी लाइन सोलर प्लांट से होकर गांव के पावर हाउस तक आनी है और इससे सम्बन्धित एक फर्जी प्रमाण-पत्र बनाया गया है, जिस पर सरपंच की मोहर व हस्ताक्षर भी किए हुए हैं, जो सरासर गलत एवं फर्जी है।
यह कि उक्त फर्जी प्रमाण-पत्र के आधार पर उक्त सोलर प्लांट के संचालक ने एक एस्टीमेट बिजली निगम से बनवाया है।

### आईटीआई सुजापुर में 15 तक कर सकते हैं आवेदन

**नारनौल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुजापुर में शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया दो जून से शुरू हो चुकी है। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी विनोद खनगवाल ने बताया कि अभ्यार्थी 15 जून तक ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पोर्टल पर किए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि संस्थान में कंप्युटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, सेविंग टेक्नोलॉजी, वेल्डर, फिटर, इलेक्ट्रिशन, सोलर टेक्निशियन इलेक्ट्रिकल, हेल्थ सनेटरी इन्स्पेक्टर, स्टेनो हिन्दी, मशीनीष्ट, टर्नरए रेफ्रीजरेशन एण्ड एयरकंडीशनिंग व्यवसायों में कुल 236 सीटों पर दाखिला होने हैं।

### बकरी पालन लाभ का व्यवसाय : यादव

**नारनौल।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नसीबपुर में वीरवार पंजाब नेशनल बैंक के जिला मुख्य अग्रणी प्रबंधक जेपी यादव एवं लेखा परीक्षक अजय यादव ने बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर जिला मुख्य अग्रणी प्रबन्धक ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बकरी पालन व्यवसाय एक लाभ का व्यवसाय है, यह गरीब आदमी का एटीएम है। इसे रोजगार के रूप में अपनाकर आमदनी बढ़ा सकते हैं। बैंक से हम जिस व्यवसाय के लिए ऋण ले रहे हैं उसका प्रयोग उसी व्यवसाय में किया जाना चाहिए ताकि हम बैंक के ऋण की समय से अदायगी कर सकें। बकरी पालन इस प्रकार का व्यवसाय है, जिसमें गरीब आदमी को दूध तो मिलता ही है साथ में आमदनी भी होती है। इस मौके पर स्टाफ सदस्य संकाय कुलदीप सिंह, संजीव कुमार, डोमेन स्कील ट्रेनर सपना कुमारी, कृष्ण कुमार, हरिश चन्द्र व सुभाष मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## आयुर्वेदिक कॉलेज को मिली 134 करोड़ की सौगात

# नांगल चौधरी में 11.65 करोड़ से तैयार होगा हेल्थ सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नारनौल व नांगल चौधरी के लिए अच्छी खबर है। नारनौल में स्थित बाबा खेतानाथ आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज पटीकरा के विकास के लिए लगभग 134 करोड़ रुपये मंजूर हुए है। इस राशि में छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग अलग छात्रावास, चिकित्सकों व स्टाफ के लिए आवासीय भवन, बहुउद्देशीय हॉल, टीचिंग फार्मेसी तथा आधुनिक लेक्चर हॉल के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं दूसरी तरफ नांगल चौधरी में 11.65 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक हेल्थ सेंटर तैयार होगा।

> आयुर्वेदिक कॉलेज में छात्र व छात्राओं के अलग-अलग तैयार होंगे छात्रावास, चिकित्सक व स्टाफ के लिए आवासीय भवन, बहुउद्देशीय हॉल सहित टीचिंग फार्मेसी व आधुनिक लेक्चर हॉल भी बनेगा

### ग्रामीणों तक बेहतर चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने को लगातार कार्य कर रही सरकार : आरती राव



**नारनौल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार राज्य को स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी बनाने और ग्रामीणों तक बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने को लगातार कार्य कर रही है। यह जानकारी देते हुए स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि नांगल चौधरी क्षेत्र में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए सरकार ने लगभग 11 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से एक नए और अत्याधुनिक कम्युनिटी हेल्थ सेंटर के निर्माण को हरी झंडी दे दी है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के लिए टेंडर भी जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वस्थ हरियाणा| समृद्ध हरियाणा के संकल्प को साकार करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इस नए कम्युनिटी हेल्थ सेंटर के निर्माण से नांगल चौधरी और इसके आसपास के ग्रामीण इलाकों के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। अब यहां के नागरिकों को छोटी बड़ी बीमारियों के इलाज और आधुनिक जांचों के लिए दूरदराज के बड़े शहरों या निजी अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। इस केंद्र के बनने से न केवल समय की बचत होगी, बल्कि लोगों का पैसा भी बचेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त व सुलभ बनाना है। यह चिकित्सा केंद्र पूरी तरह आधुनिक सुविधाओं और उपकरणों से लैस होगा, जिससे मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने बताया कि इस भवन का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा, ताकि क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ समय पर मिलना शुरू हो सके।

### विधायक ओमप्रकाश यादव ने जताई खुशी



विधायक ओमप्रकाश यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के विशेष प्रयासों से आयुर्वेदिक शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक एवं आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ क्षेत्र के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विधायक ने इस ऐतिहासिक सौगात के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का क्षेत्र की जनता तथा महाविद्यालय परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में स्वास्थ्य व चिकित्सा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चाहे कोरियावास मेडिकल कॉलेज का विकास हो, बाबा खेतानाथ आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज को सुदृढ़ करना हो, नारनौल के नागरिक अस्पताल की क्षमता 100 बेड से बढ़ाकर 200 बेड करना हो अथवा अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार करना हो, सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इससे क्षेत्र के लोगों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल रहा है।

## ध्यान रखें, किसी भी अपात्र का नाम मतदाता सूची में शामिल न होने पाए

# 1 जुलाई को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा बन सकेंगे मतदाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना



**कनीना।** पत्रकार वार्ता को संबोधित करते एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों को पूरी तरह शुद्ध और अद्यतन बनाने के लिए आगामी 15 जून से एक विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू होने जा रहा है। इसके साथ ही मतदान केंद्रों का युक्तिकरण भी किया जाएगा। यह जानकारी कनीना व अटेली विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह अहलावत ने अपने कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे और कोई भी अपात्र व्यक्ति इस सूची में शामिल न हो पाए, क्योंकि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची का पारदर्शी और सटीक होना बेहद जरूरी है। अभियान के नियमों और समयसारणी पर प्रकाश डालते हुए एसडीएम डॉण जितेंद्र सिंह ने बताया कि इस विशेष पुनरीक्षण अभियान के लिए 1 जुलाई को अर्हता तिथि (क्वालीफाइंग डेट) निर्धारित किया गया है। इसका सीधा मतलब यह है कि जो भी नागरिक आगामी एक जुलाई को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं, वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के हकदार होंगे।

उन्होंने बताया कि अभियान का प्रारंभिक चरण 5 जून से 14 जून तक चलेगा, जिसमें बीएलओ, निर्वाचन अधिकारियों और राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद 15 जून से 14 जुलाई तक सभी बीएलओ घर घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करेंगे, एन्यूमरेशन फॉर्म भरेंगे और विवरण अपडेट करेंगे। इस दौरान नए पात्र मतदाताओं को फॉर्म छह भी उपलब्ध कराया जाएगा, जबकि लोग खुद भी वोटर्स ऑनलाइन पोर्टल के जरिए आवेदन कर सकते हैं।

एसडीएम ने बताया कि घर घर सर्वे के दौरान मृतए स्थानांतरित या अपात्र मतदाताओं के नाम हटाने तथा जरूरी संशोधन करने की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी। इसके साथ ही मतदान केंद्रों का युक्तिकरण (रेशनलाइजेशन) भी किया जाएगा, ताकि किसी भी बूथ पर मतदाताओं की संख्या तय सीमा से अधिक न हो और एक ही परिवार के सदस्यों के वोट एक ही पोलिंग बूथ पर रहें। इस पूरी प्रक्रिया के बाद 21 जुलाई को प्रारूप (ड्राफ्ट) मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा।

### 15 जून से शुरू होगा व्यापक एसआईआर

**नांगल चौधरी।** निर्वाचन विभाग के दिशानिर्देशानुसार मतदाता सूचियों को शत प्रतिशत त्रुटिहीन और अपडेटेड बनाने के लिए आगामी 15 जून से एक व्यापक विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू होने जा रहा है। इस दौरान सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने अपने क्षेत्रों में अनिवार्य रूप से घर घर जाकर सर्वे करेंगे। निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम उदय सिंह ने वीरवार अपने कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्धेश्य हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल करना और सूची को पूरी तरह शुद्ध बनाना है, ताकि आगामी समय में मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। एसडीएम उदय सिंह ने बताया कि इस अभियान का पहला चरण 15 जून से शुरू होकर 14 जुलाई तक चलेगा। इस पूरी अवधि के दौरान सभी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने अपने क्षेत्रों में अनिवार्य रूप से घर घर जाकर सर्वे करेंगे और संबंधित मतदाताओं को एन्यूमरेशन फॉर्म वितरित करेंगे। इसके साथ ही मतदाताओं की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए 14 जुलाई तक क्षेत्र के मतदान केन्द्रों के रेशनलाइजेशन का कार्य भी पूरा कर लिया जाएगा। घर घर सर्वे और मतदान केंद्रों के युक्तिकरण की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद, आगामी 21 जुलाई को मतदाता सूचियों का प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि प्रारंभिक प्रकाशन के साथ ही आम जनता से दावे और आपत्तियां प्राप्त करने का दौर शुरू होगा, जो 21 जुलाई से 20 अगस्त तक पूरे एक महीने चलेगा।



**नांगल चौधरी।** प्रेस कांफ्रेंस करते एसडीएम उदय सिंह। *फोटो : हरिभूमि*



**महेंद्रगढ़।** गांव देवास में बने 33 केवी पावर हाउस का दृश्य। *फोटो : हरिभूमि*

# देवास के नए पावर हाउस से बवानियां फीडर को जोड़ें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

महेंद्रगढ़ के 220 केवी पावर हाउस से चलने वाले एपी बवानियां फीडर से जुड़े किसानों को इन दिनों भारी बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। मौसम खराब होते ही इस फीडर की लाइन में बार-बार ब्रेकडाउन होना आम बात हो गई है। समस्या के स्थाई समाधान को लेकर क्षेत्र की ग्राम पंचायतों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जिला उपायुक्त को समाधान शिविर के दौरान एक मांग-पत्र सौंपा।

### टहनियों से टकराकर फॉल्ट हो रही लाइन

सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा ने जिला उपायुक्त को बताया कि बवानियां फीडर की मुख्य बिजली लाइन शहर और वन विभाग के क्षेत्रों के बिल्कुल बीचों-बीच से होकर गुजर रही है। जब भी तेज हवा चलती है या मौसम खराब होता है, तो पेड़ों की टहनियां तारों से टकरा जाती हैं। इसके कारण लाइन में बार-बार ट्रिपिंग और फॉल्ट (ब्रेकडाउन) हो जाता है।

### निर्बाध बिजली आपूर्ति हो सकेगी

ज्ञापन में ग्रामीणों ने प्रशासन को एक बेहद व्यावहारिक सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि पास के ही गांव देवास में नया 33 केवी पावर हाउस बनकर तैयार हो चुका है। यदि इस बवानियां फीडर को 220 केवी पावर हाउस की बजाय देवास के नए 33 केवी पावर हाउस से जोड़ दिया जाए, तो यह समस्या हमेशा के लिए खत्म हो सकती है। इससे न सिर्फ बार-बार होने वाले ब्रेकडाउन से निजात मिलेगी, बल्कि किसानों को खेती के लिए पर्याप्त और निर्बाध बिजली भी मिल सकेगी। उपायुक्त ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए बिजली निगम के अधिकारियों को इस दिशा में तुरंत तकनीकी रिपोर्ट तैयार करने और उचित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### कोरियावास मंदिर के दानपात्र चोरी मामले में पुलिस को मिली सफलता

# आरोपित राजस्थान से गिरफ्तार, वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी हुई बरामद

**नारनौल।** थाना सदर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गांव कोरियावास स्थित राधा कृष्ण मंदिर के दानपात्र की चोरी के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपित को तीन जून को राजस्थान के अचरोल क्षेत्र से पकड़ा है। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान रिंकू के रूप में हुई ,ए जो वर्तमान में बासना जिला जयपुर राजस्थान में रह रहा था और इससे पहले वह मेहाड़ा राजस्थान में रहता था। पुलिस ने आरोपित के पास से वारदात को अंजाम देने में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है।

पुलिस प्रवक्ता युमित कुमार ने बताया कि दिनांक 29 मई को गांव कोरियावास निवासी और राधा कृष्ण मंदिर कमेटी के सदस्य जयभगवान ने थाना सदर में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने बताया था कि 28 मई की दोपहर को किसी अज्ञात व्यक्ति ने मंदिर परिसर में प्रवेश कर वहां रखा हुआ दानपात्र चोरी कर लिया था। मंदिर कमेटी के मुताबिक इस दानपात्र को वर्ष में केवल एक बार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर ही खोला जाता था, जिसमें लगभग 25 से 30 हजार रुपये की श्रद्धा राशि मौजूद होने का अनुमान था। इस शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की थी। पुलिस टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के साथ तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय खुफिया सूचनाओं का सहारा लिया। पुलिस द्वारा मंदिर के दानपत्र को पहले ही बरामद कर लिया गया था। गहन छानबीन करते हुए पुलिस टीम ने आरोपित रिंकू को राजस्थान से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। पुलिस द्वारा आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान वारदात में शामिल उसके अन्य साथी और चोरी की गई राशि के बारे में पूछताछ की जाएगी।



**नारनौल।** पुलिस गिरफ्त में आरोपित। *फोटो : हरिभूमि*

### जिला उपभोक्ता फोरम में दो साल से चेयरमैन का पद रिक्त

# उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहा न्याय मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

जिला महेंद्रगढ़ के उपभोक्ताओं को समय पर न्याय न मिलने और उनकी शिकायतों का निवारण न होने के कारण स्थानीय लोगों में गहरा रोष है। इसका मुख्य कारण जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग पीठ में पिछले करीब दो वर्षों से चेयरमैन का पद खाली होना है। इस गंभीर समस्या को लेकर क्षेत्र के सामाजिक संगठनों ने वीरवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री के नाम एक मांग-पत्र (ज्ञापन) प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।

### अगली तारीख का खेल, सुनवाई पूरी तरह ठप

मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में उपभोक्ता फोरम के चेयरमैन का पद लगभग 2 साल से रिक्त पड़ा है। चेयरमैन की अनुपस्थिति के कारण फोरम में आने वाली शिकायतों का निपटारा नहीं हो पा रहा है। पीड़ित उपभोक्ताओं को अदालत के चक्कर काटने पर केवल अगली सुनवाई की तारीख दे दी जाती है, लेकिन असल में उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। समय पर न्याय न मिलने के कारण अब धीरे-धीरे उपभोक्ताओं का इस फोरम से विश्वास उठता जा रहा है। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया कि जिला उपभोक्ता फोरम की एक अतिरिक्त पीठ महेंद्रगढ़ में भी लगती है, ताकि स्थानीय लोगों को दूर न जाना पड़े। परंतु, बिना चेयरमैन के इस अतिरिक्त पीठ का होना न होने के बराबर साबित हो रहा है। यहां भी मामलों की सुनवाई पूरी तरह से ठप पड़ी है, जिससे उपभोक्ताओं को मानसिक और आर्थिक रूप से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों ने सरकार से पुरजोर मांग की है कि पूरे जिले की जनता के हित को ध्यान में रखते हुए जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, महेंद्रगढ़ में चेयरमैन के पद पर शीघ्र अति शीघ्र स्थायी नियुक्ति की जाए। यदि जल्द ही इस पद को भरा जाता है, तो लंबित पड़े सैकड़ों मामलों का निपटारा हो सकेगा और आमजन को राहत मिलेगी।

## सीएम ने जाना प्रो. शर्मा का कुशलक्षेम



**महेंद्रगढ़।** मुख्यमंत्री पूर्व शिक्षा मंत्री के आवास पर उनके कुशलक्षेम जानते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला स्थित अमरावती एंक्लेव निवास पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ नेता के स्वास्थ्य का हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। पूर्व मंत्री और उनकी धर्मपत्नी बिमला शर्मा ने गुलदस्ता भेंट कर तथा शॉल ओढ़ाकर मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच आगामी संगठनात्मक गतिविधियों और पार्टी से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत व सार्थक चर्चा हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रामबिलास शर्मा के लंबे राजनीतिक अनुभव की सराहना करते हुए संगठन की मजबूती के लिए उनके मार्गदर्शन को अत्यंत मूल्यवान बताया।

**सुविधा** सप्ताह में एक दिन चलने वाली ट्रेन के यात्रियों की लगातार बढ़ रही संख्या

# चार राज्यों के यात्रियों की जीवनरेखा बनी भावनगर शकूरबस्ती ट्रेन, नियमित करने की मांग हुई तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते संघ पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

गुजरात, राजस्थान, हरियाणा व दिल्ली को जोड़ने वाली ट्रेन संख्या 09257/09258 भावनगर टर्मिनस-शकूरबस्ती-भावनगर टर्मिनस साप्ताहिक रेलसेवा को नियमित रूप से संचालित करने की मांग तेज हो गई है। इस संबंध में दैनिक रेल यात्री एवं जनकल्याण संघ ने रेलवे बोर्ड को ज्ञापन भेजकर ट्रेन को नियमित करने और इसके समय में संशोधन की मांग की है।

संघ के अध्यक्ष गणेश शर्मा ने बताया कि यह ट्रेन हजारों यात्रियों के लिए एक सुविधाजनक और भरोसेमंद विकल्प बन चुकी है। व्यापार, रोजगार, शिक्षा और पारिवारिक यात्राओं के लिए बड़ी संख्या में लोग इस रेलसेवा पर निर्भर हैं। बढ़ती यात्री संख्या इसके महत्व और उपयोगिता को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। उपाध्यक्ष पूनम फौजदार ने कहा कि इस ट्रेन से विद्यार्थियों, कर्मचारियों, व्यापारियों व आम यात्रियों को सीधा लाभ मिल रहा है। यदि इस सेवा को नियमित किया जाता है, तो यात्रियों को स्थायी और बेहतर रेल सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। महासचिव आशीष चौधरी ने कहा कि यात्रियों की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए इस ट्रेन को स्पेशल श्रेणी से हटाकर नियमित श्रेणी में शामिल किया जाना चाहिए। इससे क्षेत्रीय रेल संपर्क और अधिक मजबूत होगा तथा यात्रियों को राहत मिलेगी। इस मौके पर एडवोकेट सौरभ यादव, जितेंद्र अग्रवाल, रवि कुमार, सुभाष अटेली, हनुमान डाबला, शिवकुमार, सोनू शर्मा, हेमंत शर्मा सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

### शकूरबस्ती से समय परिवर्तन का सुझाव

संघ के सचिव एडवोकेट महावीर जैन ने सुझाव दिया कि ट्रेन संख्या 09258 का शकूरबस्ती से प्रस्थान समय बदलकर लगभग रात 7:10 बजे किया जाए। इससे दिल्ली-राजस्थान रेलखंड पर यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा मिलेगी और अन्य ट्रेनों पर दबाव भी कम होगा।

### कई जिलों के यात्रियों को मिलेगा लाभ

संघ पदाधिकारियों के अनुसार इस रेलसेवा के नियमित होने से नारनौल, रेवाड़ी, नीमकाथाना, फुलेरा सहित आसपास के हजारों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही रेलवे के यात्री भार और राजस्व में भी वृद्धि होने की संभावना है। संघ ने रेलवे बोर्ड से अपील की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस रेलसेवा को शीघ्र नियमित किया जाए और प्रस्तावित समय परिवर्तन पर सकारात्मक निर्णय लिया जाए।